सीसीआई
CCi

सीमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Cement Corporation of India Limited
(A Government of India Enterprise)

संजय बांगा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Sanjay Banga
Chairman & Managing Director

18.01.2026

प्रिय साथियों,

आप सभी को सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आप सभी के सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप ही आज हम सी.सी.आई. का 62 वाँ स्थापना दिवस अत्यंत गौरव और उल्लास के साथ मना रहे हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि वर्ष 1965 में प्रारंभ हुई हमारी यह गौरवशाली यात्रा आज 62 वाँ वर्ष में भी निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

इस शुभ अवसर पर मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि आप अपनी कार्यकुशलता, नवाचार और कार्यशैली में गुणात्मक सुधार लाकर कंपनी की आर्थिक सुदृढ़ता को और अधिक सशक्त बनाएँ। साथ ही, आप सभी से यह कि अनावश्यक व्यय में कटौती कर अपने योगदान के माध्यम से संस्थान को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सुदृढ़ बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय पहलों एवं अभियानों में सभी कार्मिक उत्साहपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित करें तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इसी क्रम में, माननीय प्रधानमंत्री जी के "स्वच्छ भारत" के स्वप्न को साकार करने हेतु कार्यस्थल की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि विशेष अभियान 5.0 (SPECIAL CAMPAIGN 5.0) में सक्रिय भागीदारी निभाएँ तथा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम तीन घंटे का समय अवश्य समर्पित करें। इसके साथ ही भारत सरकार के ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच iGOT (Integrated Government Online Training) पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूर्ण कर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाएँ तथा अपने ज्ञान एवं कौशल का निरंतर विकास करें।

आइए, आज इस स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि पूर्ण निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए अपने उत्पादन को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

एक बार पुनः, आप सभी को सी.सी.आई. के 62 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

संजय बांगा
(संजय बांगा)

हिंदी में पत्राचार का स्वागत है।
पंजीकृत एवं मुख्य कार्यालय : कोर–5, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
Registered & Head Office : Core-5, Scope Complex, 7 Lodhi Road, New Delhi-110003
फोन / Tel.: 011- 24360104 Email : cmd@cciltd.in Website: www.cciltd.in
CIN-U74899DL1965GOI004322

Scanned with OKEN Scanner